नईदुनिया

मुख्यमंत्री आज करेंगे प्रदेश की पहली ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला का शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार, 23 नवंबर को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में प्रदेश की पहली डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला एवं डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर गैलरी का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे 'महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम में 'प्राचीन से आधुनिक काल तक वैज्ञानिक विधियों से कालगणना' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होगी।

ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला में पुरातात्विक सामग्रियों की वैज्ञानिक आयु निर्धारित करने और पुरा-जलवायु का अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी। इस तकनीक से लगभग 10 लाख वर्ष तक पुरानी सामग्रियों की आयु का आकलन किया जा सकेगा। इससे प्राचीन मानव सभ्यताओं, पर्यावरणीय बदलावों और ऐतिहासिक परिस्थितियों के वैज्ञानिक अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा।

डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर गैलरी में प्रसिद्ध पुरातत्वविद्, चित्रकार एवं इतिहासकार डॉ. वाकणकर के जीवन, शोध और योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। भीमबेटका शैलाश्रयों की खोज उनके महत्वपूर्ण योगदानों में शामिल है। गैलरी के माध्यम से उनके कार्यों को आमजन, विद्यार्थियों और शोधार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यशाला में भारतीय कालगणना परंपरा, प्राचीन खगोलीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय पर वैज्ञानिक, पुरातत्वविद् एवं विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी सहित विज्ञान भारती और वीर भारत न्यास के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने बताया कि प्रयोगशाला और गैलरी की स्थापना प्राचीन सांस्कृतिक विरासत तथा आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच सेतु स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश के ओडीओपी को मिला पहला स्थान

भोपाली बटुओं की कारीगरी ने खींचा ध्यान, शिल्पकार अफरोज जहां के डिजाइनों को मिली सराहना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2026 में मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) को बेस्ट डिस्प्ले श्रेणी में पहला स्थान मिला है। इसमें भोपाल के पारंपरिक बटुओं की कारीगरी की विशेष भूमिका रही। शिल्पकार अफरोज जहां द्वारा तैयार आकर्षक बटुओं और नए डिजाइनों ने लोगों का ध्यान



खींचा। 13 से 27 नवंबर तक आयोजित मेले में देशभर के 300 से अधिक कारीगर और शिल्पकार अपनी कला एवं उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। भोपाल की अफरोज जहां पिछले 25 वर्षों से बटुए बनाने के काम से जुड़ी हैं। उन्होंने पारंपरिक भोपाली बटुओं को नए डिजाइन और आधुनिक रूप देकर इस कला को आगे बढ़ाया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले गुजरात के केवड़िया में आयोजित कारीगर मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अफरोज जहां की कारीगरी का अवलोकन कर सराहना की थी। हस्तशिल्प विकास निगम के अरविंद शर्मा ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश के कारीगरों और पारंपरिक उत्पादों के लिए सम्मान है। एक जिला-एक उत्पाद योजना का उद्देश्य स्थानीय कला को पहचान दिलाना, कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और उनके हुनर को आर्थिक अवसरों से जोड़ना है।

तापमान में गिरावट के आसार कम

रीवा, सागर, जबलपुर में छा सकता है कोहरा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चक्रवाती तूफान अकवान का अवशेष वर्तमान कम दबाव के क्षेत्र के रूप में उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश पर बना हुआ। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सोमवार को भी शहडोल, रीवा, जबलपुर, सागर संभाग में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। साथ ही इन क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाने की भी संभावना है। शेष संभागों के जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। न्यूतमतम तापमान भी फिलहाल स्थिर बना रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिकपिछले 24 घंटों के दौरान रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक शहडोल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर रीवा संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर, जबलपुर एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा दर्ज की गई। शेष संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा। रात का सबसे कम 11.5 डिग्री सेल्सियस तापमान शाजापुर में रिकार्ड किया गया। रविवार को दिन में उमरिया में सात एवं मलाजखंड में दो मिलीमीटर वर्षा हुई। सबसे अधिक 30.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नर्मदापुरम में दर्ज किया गया।

ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय

चक्रवाती तूफान का अवशेष कम दबाव के क्षेत्र के रूप में उत्तर-पूर्वी मप्र पर बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली से लेकर मणिपुर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो झारखंड, बिहार, उत्तरी गांगेय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से होकर गुजर रही है। जम्मू के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त दक्षिणी गुजरात और उससे लगे उत्तरी महाराष्ट्र पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश पर बना कम दबाव का क्षेत्र काफी कमजोर पड़ चुका है। इस वजह से पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में वर्षा का दौर अब थम सकता है। हालांकि वातावरण में बड़े पैमाने में नमी मौजूद रहने से सोमवार सुबह शहडोल, रीवा, जबलपुर, सागर संभाग के जिलों में घना कोहरा छा सकता है।

युवा कांग्रेस ने फूंका मार्क जुकरबर्ग का पुतला

नप्र, भोपाल : मेटा द्वारा विपक्षी नेताओं और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया खाते प्रतिबंधित किए जाने के विरोध में रविवार को युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जिला अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग का पुतला जलाकर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मेटा केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी के दबाव में काम कर रहा है। कार्यकर्ताओं ने 'बीजेपी का बेटा मेटा है' जैसे नारे लगाकर कंपनी की नीतियों का विरोध किया। युवा कांग्रेस के जिला महासचिव अभय रामभक्त ने कहा कि मेटा एक कॉर्पोरेट कंपनी है, उसे निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए। युवा कांग्रेस नेताओं ने मेटा प्रबंधन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रतिबंधित खाते और पेज बहाल नहीं किए गए तो देशभर में एक साथ आंदोलन किया जाएगा।

सरकारी जमीनों पर चल रही थी कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री

सूखीसेवनिया पुलिस ने दो महिलाओं पर किया केस दर्ज ▸▸ 90 लीटर शराब, 250 लीटर महुआ लहान जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सरकारी जमीनों पर कब्जा कर धड़ल्ले से कच्ची शराब बनाने का कारोबार चलाया जा रहा था। सूचना की तस्दीक करने के बाद सूखी सेवनिया थाना पुलिस की तीन टीमों ने रविवार तड़के अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर अवैध शराब बनाने की भट्टियां पकड़ीं। इस दौरान 90 लीटर कच्ची शराब और 250 लीटर महुआ लहान बरामद किया। मौके पर धधक रही भट्टियों को नष्ट करने के साथ शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है, जबकि अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

सूखी सेवनिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा के मुताबिक थाना क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में लंबे समय से कच्ची शराब बनाने और बेचने की शिकायतें मिल रही थीं। इन सूचनाओं पर पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया और रविवार सुबह एक साथ कई ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीमों ने ग्राम बालमपुर, बरखेड़ी अब्दुल्ला, भदभदा स्टेशन के पास, खैरई टपरा, उधमपुरी और गीधगढ़ में छापेमारी की। अचानक पहुंची पुलिस को देखकर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों में भगदड़ मच गई।



कच्ची शराब और लाहन बरामद

छापामारी के दौरान भदभदा स्टेशन के पास डेरा, बालमपुर, उधमपुरी और गीधगढ़ से 90 लीटर कच्ची शराब तथा 250 लीटर लहान बरामद किया गया। शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामग्री भी पुलिस ने जब्त की। सरकारी जमीन पर संचालित भट्टियों को मौके पर ही तोड़कर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। साथ ही, इन ठिकानों पर शराब बनाने और सप्लाई करने वाले अन्य लोगों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

राजधानी के 14 लाख राशन कार्डधारियों का दिसंबर तक होगा सत्यापन

- **आधार और समग्र पोर्टल पर दर्ज मोबाइल नंबर एक होना अनिवार्य**
- **एक जनवरी 2027 से नई डिजिटल व्यवस्था के तहत मिलेगा राशन**

नप्र, भोपाल : सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने के लिए भोपाल जिले के करीब 14 लाख राशन कार्डधारियों का सत्यापन किया जाएगा। यह प्रक्रिया दिसंबर 2026 तक पूरी करनी होगी। नई व्यवस्था के तहत एक जनवरी 2027 से राशन वितरण किया जाएगा।

भोपाल जिले का चयन केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) आधारित राशन वितरण की प्रायोगिक परियोजना के लिए किया गया है। इसके तहत राशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र परिवारों के प्रत्येक सदस्य की जानकारी का सत्यापन कर उन्हें सीबीडीसी प्रणाली की सूची में शामिल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को व्हाइटलिस्टिंग कहा जाता है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि राशन कार्डधारी अपनी नियमित उचित मूल्य दुकान पर जाकर परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज कराएं और उसका सत्यापन करवाएं। इसके लिए प्रत्येक सदस्य के आधार से जुड़े मोबाइल नंबर और समग्र पोर्टल पर दर्ज मोबाइल नंबर का एक समान होना जरूरी है। यदि दोनों जगह अलग-अलग मोबाइल नंबर दर्ज हैं तो पहले उनमें संशोधन कराना होगा। इसके बाद राशन दुकान पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराएं। जादौन ने बताया कि सत्यापन अधूरा रहने पर दिसंबर में नई डिजिटल व्यवस्था के तहत राशन प्राप्त करने में तकनीकी परेशानी हो सकती है।

ओबीसी विद्यार्थियों का 1 दिसंबर को जेल भरो आंदोलन का ऐलान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ओबीसी विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2025 की 14 रिक्त छात्रवृत्तियां प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को आवंटित करने की मांग को लेकर जेएवाई मूवमेंट ओबीसी ने 1 दिसंबर को जेल भरो आंदोलन की घोषणा की है। संगठन के संस्थापक लखपत गुर्जर ने बताया कि तीन आंदोलनों के बावजूद सरकार ने विद्यार्थियों की मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। विद्यार्थियों की प्रमुख मांगों में 14 छात्रवृत्तियों का आवंटन, पीएम यशस्वी योजना की 25 प्रतिशत वेटेज समाप्त करना और चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच शामिल है। संगठन ने छात्रवृत्ति भुगतान व्यवस्था में सुधार तथा ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर सरकार से जवाब मांगा है। गुर्जर ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में गांव-गांव जाकर विद्यार्थियों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के मुद्दे उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने ताराबाई यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की

नप्र, भोपाल :मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशवंत यादव एवं अशोक यादव की माताजी स्वर्गीय ताराबाई मांगीलाल यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर मंत्री चैतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल उपस्थित रहे।



सुसनेर विधायक के पुत्र को दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजस्थान के झालावाड़ जिले की डग तहसील के रतनपुरा गांव पहुंचे। उन्होंने सुसनेर विधायक भैरव सिंह परिहार के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र स्वर्गीय गजेंद्र सिंह बबलू बना के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, माधव सिंह मधु गहलोत उपस्थित रहे।

कोटा सड़क हादसे पर दुःख व्यक्त

डॉ. यादव ने राजस्थान के कोटा में हुए भीषण सड़क हादसे पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि इस दुर्घटना में कई लोगों का असामयिक निधन होना अत्यंत पीड़ादायक है। मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

गुजरात में हुए सड़क हादसे पर दुःख व्यक्त

मुख्यमंत्री ने गुजरात के कच्छ में हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस, शौर्य और वीरता का परिचय देने वाली वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि रानी लक्ष्मीबाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली झलकारी बाई का अद्वितीय पराक्रम भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा।

वीर दुर्गादास राठौर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान योद्धा वीर दुर्गादास राठौर की पुण्यतिथि पर स्मरण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि वीर दुर्गादास राठौर के अदम्य साहस-शौर्य और स्वाभिमान से मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन समर्पित कर दिया। उनकी त्याग, वीरता और राष्ट्रभक्ति की भावना सदैव हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।



- **फिर जागी उम्मीद...**

पिछले दिनों मध्यप्रदेश सरकार और संगठन के आला जिम्मेदारों की बैठकों और जल्द से जल्द रिक्त पदों पर नियुक्ति की चर्चा चलते ही निराश चेहरों पर एक बार फिर उम्मीद की किरण जगी है।

- **अपने ही घर में...**

सत्ता में रहते हुए अपने-अपने क्षेत्र में अपना अधिकार और सम्मान पाने का हक है, लेकिन यदि माननीय को मंच पर जगह नहीं मिली तो इसे दिल पर ले लिया। अब शिकवे-शिकायतों का दौर शुरू हो गया है।

- **मेहनत कोई करे, मजे कोई ले...**

पिछले दिनों एक बड़े नेता जी ने अपनी टिकट पक्की कराने के बाद ही पार्टी के आयोजन और कार्यकर्ताओं की टीम के साथ आगे बढ़ने की बात स्पष्ट कर दी। यह बात पर्दे के पीछे थी, लेकिन सड़कों पर आ ही गई। उनका मानना है कि मेहनत कोई करे और मजे कोई और ले, अब ऐसा नहीं होने देंगे।

- **हमें भी मौका मिले...**

महाकौशल के एक बड़े नेता जी इन दिनों बहुत परेशान हैं। उनका कहना है कि अब उन्हें सरकार में मौका मिलना चाहिए, नहीं तो जनता उनसे दूर होती जा रही है।

- **विभाग किसी का...**

एक बड़े आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ उस इलाके के सभी चुने हुए माननीय तो पहुंचे, लेकिन जिनका विभाग था, वे आयोजन में उपस्थित नहीं थे। यही चर्चा का विषय रहा।

- **दीवाली मिलन समारोह या शक्ति प्रदर्शन...**

पिछले दिनों राजधानी में दीवाली मिलन समारोह की भारी गहमागहमी रही। सभी माननीय अपनी-अपनी सीमा (क्षेत्र) में आयोजन कर अपनी ताकत दिखाते नजर आए। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ से ऐसे आयोजन किए गए।

झाबुआ की बेटी हीमा के बाल विवाह रोकने के साहस को डेविड बेकहम ने सराहा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले की 17 वर्षीय हीमा निनामा का बाल विवाह के खिलाफ साहसिक कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और यूनिसेफ के सद्भावना राजदूत डेविड बेकहम ने विश्व बाल दिवस पर अपने सोशल मीडिया खाते पर हीमा की कहानी साझा कर उसके साहस और दृढ़ संकल्प की सराहना की।

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा और भविष्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से



जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

झाबुआ जिले के बरखेड़ा गांव की हीमा जब कक्षा 11वीं में पढ़ रही थी, तब परिवार ने उसका विवाह तय कर दिया था। हीमा पढ़ाई जारी रखना चाहती थी। उसने विवाह से इनकार कर विद्यालय के शिक्षकों से मदद मांगी। कल्याणपुरा स्थित सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य जीपी ओझा और अन्य शिक्षकों ने परिवार को समझाया। उनके प्रयासों से बाल विवाह रुक गया। हीमा ने कक्षा 11वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

चुनौतियाँ *बांधवगढ़ के वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी ने राष्ट्रीय कार्यशाला में साझा किए अनुभव...*

वन्यजीवों के स्वास्थ्य प्रबंधन और चुनौतियों पर कार्यशाला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तोमर ने सरिस्का टाइगर रिजर्व, अलवर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय वन हेल्थ कार्यशाला में भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस और विश्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 20 नवंबर तक आयोजित इस कार्यशाला में 10 राज्यों के वन अधिकारी और वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए। डॉ. तोमर ने बांधवगढ़ में बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के



स्वास्थ्य प्रबंधन, रोग निगरानी और क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला का उद्घाटन राजस्थान के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि मानव, पशुधन, वन्यजीव और पर्यावरण का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा है। इसलिए वन हेल्थ की अवधारणा आज समय की जरूरत है।

सरिस्का में वर्ष 2004-05 में बाघों की संख्या शून्य हो गई थी, लेकिन पुनर्स्थापन के प्रयासों से अब वहां करीब 58 बाघ हैं। सरिस्का के कोर क्षेत्र में 29 गांव होने से बीमारियों के जंगल और गांवों के बीच फैलने का खतरा बना रहता है। इससे बचाव के लिए कुत्तों का टीकाकरण किया जा रहा है। बांधवगढ़ में भी बाघों की सघन आबादी और आसपास पालतू पशुओं की मौजूदगी के कारण ऐसी चुनौतियां हैं।

कार्यशाला में रोगों की पहचान, जैविक नमूना संग्रह, जैव सुरक्षा, रिमोट बायोप्सी, शव परीक्षण और फॉरेंसिक नमूना संग्रह का प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों का मानना है कि इससे वन्यजीव स्वास्थ्य प्रबंधन को वैज्ञानिक आधार मिलेगा और संरक्षण के प्रयास मजबूत होंगे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com